Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for free bore-well scheme in drought-affected districts of Bundelkhand region - Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा) : किसानों के लिए नलकूप खनन हेतु बारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की महती आवश्यकता है। भारत सरकार अथवा जल संसाधन मंत्रालय के पास ऐसी कोई योजना नहीं है जिसके अंतर्गत सूखा, अकाल पीड़ित क्षेत्रों के किसानों की सहायता की जा सके। भारत सरकार अथवा जल संसाधन मंत्रालय को शीघ्र ही ऐसी योजना बनानी चाहिए और उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र के सूखा पीड़ित जिलों - ललितपुर, झांसी, महोबा, हमीरपुर, बांदा व चित्रकूट के किसानों को वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध करानी चाहिए। भू-जल उपलब्धता संबंधी वैज्ञानिक आंकड़े एकत्र करने हेतु अंवोण कूपों का खनन कार्य चित्रकूट जिले के सुखल और खोया आदि गांवों में बीस वाॉं पूर्व किया गया था। उन क्षेत्रों में और अधिक स्थानों पर अंवोण कूपों का खनन कार्यक्रम चलाना चाहिए। इस कार्यक्रम को और अधिक तीव्र गति से चलाकर भी किसानों को राहत दी जा सकती है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश, राज्य सरकार को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।